मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-43
12/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 12 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में दरभंगा समाहरणालय स्थित डॉ0 भीमराव अंबेदकर सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में दरभंगा जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में दरभंगा जिले के जिलाधिकारी श्री राजीव रौशन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय –1 के तहत जिले में निर्माण किए जानेवाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल दरभंगा जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर विशेष ध्यान दें। यह छात्रों के हित में है। यह पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके, इसे और अधिक प्रचारित कराएं। हम चाहते हैं कि जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं की और अधिक तरक्की हो। जीविका समूहों की संख्या भी बढ़े और उनकी आमदनी भी बढ़े जिससे उनके परिवार का जीवन स्तर अच्छा हो। जीविका दीदियां बेहतर तरीके से कार्य कर रही हैं और अपनी बातों को ठीक ढंग से रख रही हैं। 10 लाख से ज्यादा जीविका समूहों का गठन हो चुका है जिससे 1 करोड़ 30 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। बिहार की आबादी ज्यादा है जिसको ध्यान में रखते हुए सबकी मदद करें। शिक्षक सरकारी विद्यालयों में ठीक ढंग से पढ़ा रहे हैं कि नहीं यह देखने की जिम्मेवारी हमने जीविका दीदियों को दी है। जो शिक्षक ठीक ढंग से

नहीं पढ़ाएंगे जीविका दीदी उनकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को देंगी। शिक्षकों का तनख्वाह हमलोग अच्छा कर दिए हैं इसलिए उन्हें बच्चों को पढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। यह समाज के लिए हितकर है। छूटे हुए जो भी गांव और टोले हैं उनकी संपर्कता मुख्य सड़क से करें। हर घर तक नल का जल और हर घर तक पक्की गली एवं नाली का निर्माण कराया गया है, वह मेंटेन रहे। इसका विशेष ध्यान रखें। गांव में सोलर लाइट हमलोग लगवा रहे हैं। इससे ग्रामीण काफी खुश हैं। उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर हो, इसका ध्यान रखें। चौर क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें। हमलोग पिछले 2 वर्ष से स्कीम बनाकर चौर क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे हैं। कुछ जगहों पर यदि पानी आ जाता है तो उसको सिंचाई के काम में लाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा में एम्स के लिये जमीन चिन्हित कर दिया गया है। दरभंगा में एम्स का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जायेगा। एम्स के अलावा दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का भी पी0एम0सी0एच0 की तरह विस्तार किया जायेगा, जिससे लोगों को चिकित्सा में और सहूलियत होगी।

दरभंगा जिलाधिकारी श्री राजीव रौशन ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री ललित कुमार यादव, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, दरभंगा जिले के विधायकगण/विधान पार्षदगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल डॉ0 मनीष कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, दरभंगा प्रक्षेत्र श्री ललन मोहन प्रसाद, जिलाधिकारी दरभंगा श्री राजीव रौशन, वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा श्री अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******